Printed Pages – 4

I-1090

M.A. (Previous) Examination, 2020

HINDI

Paper - II

(आधुनिक हिन्दी काव्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

Minimum Pass Marks : 36

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

Q. 1. निम्नांकित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : **3×10=30**

(क) दो वंशों में प्रकट करके पावनी लोक-लीला,
सौ पुत्रों से अधिक जिनकी पुत्रियाँ पूतशीला,
त्यागी भी हैं शरण जिनके, जो अनासक्त गेही,
राजा-योगी जय जनक वे पुण्यदेही, विदेही।

(ख) लौटे युग-दल-राक्षस-पदतल पृथ्वी टलमल,
बिंध महोल्लास से बार-बार आकाश विकल।
वानर वाहिनी खिन्न, लख निज-पति-चरणचिह्न
चल रही शिविर की ओर स्थविरदल ज्यों विभिन्न।

(ग) चाँदनी रात का प्रथम प्रहर,
हम चले नाव लेकर सत्वर।
सिकता की सस्मित-सीपी पर
मोती की ज्योत्सना रही विचर,
लो, पाले चढ़ी, उठा लंगर।

(घ) केश-कम्बली गुफा-गेह ने खोला कम्बल।
धरती पर चुपचाप बिछाया।
वीणा उस पर रख, पलक मूँद कर प्राण खींच,
करके प्रणाम, अस्पर्श छुअन से छुए तार।

(ङ) कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

Q. 2. 'सरोज स्मृति' में वर्णित निराला के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालिए। **15**

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त की काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

Q. 3. "प्रसाद का प्रकृति-सौंदर्य छायावादी कविता के मेल में होते हुए भी नवचेतना का स्वर लिए हुए है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। **15**

अथवा

प्रगतिवादी काव्य किसे कहा जाता है ? इसमें कवि नागार्जुन का योगदान निरूपित कीजिए।

Q. 4. निम्नांकित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **4×5=20**

(क) मैथिलीशरण गुप्त का जीवन-परिचय

(ख) 'राम की शक्तिपूजा' की विषय-वस्तु

(ग) पंत की काव्य-कला

(घ) अज्ञेय और प्रयोगवाद

(ङ) नई कविता

Q. 5. निम्नांकित में से किन्हीं बीस प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **20×1=20**

(1) 'साकेत' खण्डकाव्य है अथवा महाकाव्य ?

(2) 'श्रद्धा' किस महाकाव्य की नायिका है ?

(3) 'साकेत' का अर्थ क्या है ?

(4) 'कामायनी' का प्रकाशन कब हुआ ?

(5) 'मौन निमंत्रण' के रचयिता कौन हैं ?

(6) 'यह तुम थी' काव्य के कवि कौन हैं ?

(7) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन कब हुआ ?

(8) नागार्जुन किस तार सप्तक के कवि हैं ?

(9) अज्ञेय का पूरा नाम क्या है ?

(10) निराला का नाम काव्य के किस वाद से जुड़ा है ?

(11) प्रगतिवाद का प्रारंभ किस वर्ष से माना जाता है ?

(12) प्रगतिशील लेखक संघ का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था ?

(13) असाध्य वीणा किस वृक्ष से बनाई गई थी ?

(14) पंत को किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?

(15) 'कलाधर' उपनाम से किस रचनाकार को जाना जाता है ?

(16) निराला के पुत्री का नाम क्या था ?

(17) 'साये में धूप' के गजलकार कौन हैं ?

(18) 'गुनाहों का देवता' के लेखक कौन हैं ?

(19) 'प्रिय प्रवास' के रचनाकार कौन हैं ?

(20) अज्ञेय किस तार सप्तक के कवि हैं ?

(21) 'यात्री' उपनाम से कौन रचना करते थे ?

(22) छायावाद के चार स्तंभ किन्हें कहा जाता है ?